Dainik Jagran-New Delhi-17-02-2011

हौसले से होती है उड़ान

विनोद धाम को प्रतीक चिह्न भेंट करते डीटीयू के वीसी प्रो. पीबी शर्मा। जागरण

एंटरप्रेन्योर समिट

- डीटीयू में 'ई-समिट' का शुभारंभ
- दैनिक जागरण है मीडिया पार्टनर

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : कहते हैं 'मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंख होने से कुछ नहीं होता, हौसले से उड़ान होती है।' देश और दुनिया में अपने जज्बे, मेहनत और लगन के बूते जिन उद्यमियों ने अपनी पहचान बनाई है,उन्होंने बनी बनाई परिपाटी पर चलने की बजाय अपना रास्ता खुद बनाया। चुनौतियों का सामना किया और शिखर पर आसीन हुए। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में बुधवार से शुरू हुए दो दिवसीय 'एंटरप्रेन्योर समिट (ई-समिट)' में उद्यमीशलता के क्षेत्र में खुद को स्थापित कर चुके ऐसे ही उद्यमी शिरकत कर रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य देश भर के सफल उद्यमियों और युवाओं को नए विचारों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

दैनिक जागरण कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है। उद्घाटन सत्र में 'पेंटियम चिप' के जनक विनोद धाम मुख्य अतिथि के रूप में देश के भावी इंजीनियरों से रूबरू हुए। विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ भी नया शुरू करने के लिए न तो आपका अमीर होना जरूरी है और न ही मशहूर। बस, निष्ठा और लगन के साथ शुरुआत करें और अपना सर्वोत्तम दें, सफलता आपसे ज्यादा दूर नहीं रहेगी। कार्यक्रम में डीटीयू के वीसी प्रो.पीबी शर्मा ने कहा कि ज्ञान के पंख और 'इनोवेशन' की शक्ति से युवा असंभव को भी संभव बना सकते हैं। प्रो. शर्मा ने डीटीयू (पूर्व में डीसीई) के उन छात्रों के प्रयास की सराहना की, जिन्होंने अपना उद्यम शुरू कर लोगों को रोजगार दिया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईटीसी के पूर्व चेयरमैन केएल चुग ने कहा कि उद्यमशील बनने से ही बेहतर कल बनेगा। कार्यक्रम में डीटीयू के प्रो-वाइस चांसलर प्रो.मोइनुद्दीन,छात्र संघ अध्यक्ष निखिल माहेश्वरी, मुख्य संयोजक आनंद मीणा, प्रो.राजू सरकार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।